प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.12.2024/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

.....

भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रिज मैदान स्थित अटल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अटल की जीवनी पर लगी एक प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अटल ने बिना 100 वर्ष पूरा किए ही भारत को वह उपलब्धि दे दी थी, जैसे उन्होंने पोखरण में कर दिखाया सारा विश्व चकित रह गया। परमाणु परीक्षण उन्होंने करके दिखा दिया और पूरे विश्व को संदेश दिया कि भारत अपनी शक्ति के आगे दूसरे की जबरदस्ती शक्ति को स्वीकार नहीं करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि राजनीति से कोई तुलना नहीं की जा सकती है, तुलना तो व्यक्ति से होती है और अटल बिहारी वाजपेई ने एक व्यक्ति के रूप में पूरे देश को बांधने का काम किया था।

.....

प्रदेश में दो दिन हुई बर्फबारी के बाद आज सभी जगह मौसम साफ बना हुआ है। दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। इससे लोगों को भी ठंड से काफी राहत मिली है हालांकि बर्फबारी के बाद प्रदेश में जनजीवन अभी भी प्रभावित है। बर्फबारी के कारण प्रदेश की 226 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध है। सड़क बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है। भारी बर्फबारी के कारण कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों सहित सोलंग नाला अटल टनल धुंधी व कोठी सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर हिमपात व अन्य क्षेत्रों में वर्षा से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। डिप्टी एस.पी मनाली .के.डी.शर्मा ने बताया कि मनाली अटल टनल व सोलंगनाला के बीच बर्फबारी के कारण फंसे पर्यटकों को मनाली भेज दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल प्रदेश में मौसम साफ रहेगा और मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 27 से 29 दिसम्बर तक प्रदेश में फिर से बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

.....

क्रिसमस का त्योहार आज दुनिया भर में मनाया जा रहा है। समझा जाता है कि ईसा मसीह का जन्म आज ही के दिन हुआ था। इस अवसर पर गिरजाघ को की भव्य ढ़ंग से सजाया गया है।

इस बीच राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित चर्च को भी आकर्षक लाईटों से सजाया गया है। क्रिसमस पर्व को लेकर आज शिमला सहित प्रदेश के सभी गिराजा घरों में भी विशेष प्रार्थना सभायें आयोजित की जा रही है और लोगों को उपहार बांटे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने क्रिसमस पर्व पर प्रदेशवासियों को खासतौर पर ईसाई समुदाय से जुड़े लोगों को बधाई और शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशू ने समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द का मार्ग प्रशस्त किया है।

.....

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश में जल ऊर्जा पर्यटन को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नीति तैयार की जाएगी तथा ऊर्जा विभाग के माध्यम से विद्युत परियोजना डेवलपर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कल उर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के हित में निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को देवी कोठी तथा हेल पावर परियोजनाओं का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अधिक से अधिक हरित ऊर्जा का दोहन करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है।

.....

ऊना जिला प्रशासन ने स्वां नदी में अवैध खनन को रोकने के लिए ड्रोन तकनीक को लागू कर दिया है । उपायुक्त जतिन लाल और पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कल पहले दिन ड्रोन के माध्यम से नदी के खनन प्रभावित इलाकों की तस्वीरें देखीं और लगभग 4 जगह अवैध खनन होता पाया। इस पर अधिकारियों ने तुरंत दल–बल सहित मौके पर पहुँच कर खानपुर, फतेहपुर, संतोषगढ़ और बथड़ी में खनन में संलिप्त गाड़ियों को जब्त किया। उपायुक्त ने कहा कि हिमाचल सरकार की अवैध खनन पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है। उन्होंने सभी नागरिकों से अवैध खनन मुक्त ऊना बनाने के अभियान में सहयोग देने का अनुरोध किया है।

.....

प्रदेश सरकार खेल व खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। ये बात विधायक संजय अवस्थी ने सोलन जिले के अर्की उपमंडल के तहत डुमहैर में आयोजित दो दिवसीय 29वीं राज्य स्तरीय वरिष्ठ व 24वीं जूनियर कोर्फबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कही। संजय अवस्थी ने कहा कि खेलों के माध्यम से जहां युवाओं का मानसिक व शारीरिक विकास होता है वहीं दूसरी और

युवा पीढ़ी नशे जैसी बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रहती है। संजय अवस्थी ने कहा समय समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित होनी चाहिए जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक उचित मंच मिलता है। स्पेशल ओलंपिक में भारत की बास्केटबॉल टीम के हेड कोच राजकुमार पाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दस ज़िलों और दो क्लब की टीमों के एक सौ पचास से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का लोहा मनवा चुके 6 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं।